तापमान

अधिकतम 43.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 3 मई 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


4 मतदान केन्द्रों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण, सुविधाओं की ली जानकारी



## खबर संक्षेप

### डिप्टी सीएम अरुण साव का गोधना आगमन आज



**गोधना।** नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत आदर्श ग्राम गोधना में 3 मई को छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव आ रहे हैं इस कार्यक्रम में वे ग्रामीणों से समस्याओं के बारे में चर्चा करेंगे। वहीं ग्रामीणों ने मुख्य समस्या ग्राम गोधना एवं कांसा के बीच पहुंच मार्ग को बनाने की मांग रखने की बात कही। अटल चौक गोधना में दोपहर 12:30 बजे लोगों को संबोधित करेंगे।

### ठंडे बस्ते में कोल साइडिंग से बनारी तक सड़क बनाने का प्रस्ताव

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय में भारी वाहनों से मुक्ति के लिए नैला रेलवे स्टेशन के कोल साइडिंग से कोयला लोड कर आने वाले वाहनों को शहर के बाहर से निकालने के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाना आवश्यक है। इसके लिए पीडब्ल्यूडी ने अंडरब्रिज के पास से बनारी होते हुए 6 किमी. सड़क बनाए जाने का प्रस्ताव शासन को डेढ साल पहले भेजा गया था। मगर इस प्रस्ताव को अब तक स्वीकृति नहीं मिली है। जिसके चलते भारी वाहनों से जांजगीर नैला शहरवासियों को मुक्ति नहीं मिली है। हालांकि यातायात पुलिस ने रात 11 बजे तक शहर में भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया है। हालांकि सुबह 6 बजे से रात 11 बजे तक नो एंट्री रहती है। मगर देर रात वाहनों की इतनी लंबी कतार लगती है कि नैला से जांजगीर आना जाना कठिन हो जाता है।

### लोकसभा चुनाव : ध्वनि विस्तारक यंत्रों का लगाया गया प्रतिबंध

**जांजगीर-चांपा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा किये जाने से आचार संहिता प्रभावशील हो गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने आकाश छिकारा ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 4 के तहत रात्रि 10 से प्रातः 06 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का चलाया जाना अथवा चलवाया जाना पूर्ण रूप से निषिद्ध किया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा तथा निर्वाचन की समाप्ति तक प्रभावशील रहेगा। अनुमति प्रदान करने हेतु संपूर्ण जिले के लिए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं संबंधित क्षेत्र के लिए संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से लिखित अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक की अवधि में किया जा सकता है।

### मतदान की स्याही दिखाओ सामानों में 5 से 40 प्रतिशत तक छूट पाओ

**जांजगीर-चांपा।** लोकसभा निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन की ओर से कई नवाचार किए जा रहे हैं। इसके तहत जिला प्रशासन और व्यापार संघ ने पहल करते हुए जिले में 7 मई को मतदान करने वाले को जिले की प्रमुख प्रतिष्ठानों पर खरीददारी में 5 से 40 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। व्यापारियों की इस पहल की सभी जगह तारीफ हो रही है। चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री ईकाइ नैला-जांजगीर के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि हर नागरिक का वोट मायने रखता है, इसलिए नागरिकों को लोकतांत्रिक अधिकार का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक है।

### आग बरस रही बैसाख की तपती दोपहरी, लोग गर्मी से हलाकान

**जांजगीर-चांपा।** बैसाख महीने में अब सूरज की किरणें चुभने लगी है। इसके साथ ही तापमान में बढोतरी भी होने लगी है। शहर का अधिकतम तापमान 42 डिग्री को पार कर गया है। ऐसे में दोपहर के वक्त लोगों को पसीने से तरबतर होना पड़ रहा है। दोपहर के वक्त पडने लगी गर्मी से लोग हलाकान हो रहे थे। वहीं अप्रैल महीने में सूरज की किरणें आग बरसाने लगी है। गुरूवार 3 मई को शहर का अधिकतम तापमान 42 डिग्री को पार कर गया।

## झुलस ना जाए मासूम इसलिए 30 अप्रैल से पहले बंद हो चुके है स्कूलों के पट

# उधर समय से पहले गर्मी की छुट्टी तो इधर समर कैंप का फरमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



फाईल फोटो।

42 डिग्री से ऊपर तापमान में जहां लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। गर्मी की इसी प्रचण्डता को देखते हुए राज्य शासन ने समय से पहले ही इस बार ग्रीष्मकालीन अवकाश के आदेश दिए है। जिसके परिपालन में शासकीय व निजी स्कूल बंद है। वहीं जिले का जिम्मेदार शिक्षा विभाग समर कैंप के नाम पर बच्चों को फिर से स्कूल बुला रहा है। इसको लेकर विरोध के स्वर भी उठने लगे है।

गौरतलब है कि इस बार गर्मी में समय से पहले ही अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए थे। अप्रैल महीने में जिस तरह से सूरज की किरणें आग बरसा रही थी, उसको देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग ने शासकीय एवं निजी समस्त स्कूलों को 22 अप्रैल से बंद करने के आदेश दिए थे। जबकि शिक्षा सत्र के हिसाब से स्कूलों को 30 अप्रैल तक संचालित करना था, लेकिन सभी स्कूलों के पट सप्ताह भर पहले ही बंद हो गए। दूसरी ओर जिले का जिम्मेदार शिक्षा विभाग अपने तरीके से अपनी वाहवाही बंटोरने में जुटा है। यहां एनजीओ द्वारा बनाए गए कार्यक्रम के परिपालन को लेकर 10 मई से बच्चों को समर कैंप के नाम पर फिर से स्कूल बुलाने की तैयारी हो रही है। इसको लेकर ना केवल शिक्षकों को फरमान जारी किया गया है, बल्कि प्रायमरी व मीडिल स्कूल के प्रधान पाठक व सहयोगी शिक्षकों की कार्यशाला भी आयोजित की गई है। बहरहाल सूर्यदेव की प्रचण्डता को देखते हुए जहां सुबह 7 बजे से 10 बजे की पाली में भी लगने वाले स्कूलों सहित समस्त स्कूलों को 22 अप्रैल से बंद करने का आदेश जारी किया गया था, तो वहीं मई महीने में पड़ रही आग बरसाने वाली गर्मी में शिक्षा विभाग समर कैंप के नाम पर फिर से स्कूल खोलने की तैयारी कर रहा है।

### चुनाव ड्यूटी के बाद समर कैंप में करेंगे ड्यूटी

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए आदेश के परिपालन में गर्मी को देखते हुए भले ही 22 अप्रैल से स्कूलों के पट बच्चों के लिए बंद हो गए है, लेकिन शिक्षकों की उपस्थिति रोज सुनिश्चित होनी है। यहीं नहीं शिक्षकों को अभी थोक में निर्वाचन कार्य में लगाया गया है, जो चरणबद्ध प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके है और पूर्व में बीएलओ सहित अन्य निर्वाचन कार्य भी करते आ रहे है। ऐसे में इन्हें 7 मई को मतदान सम्पन्न होने के बाद मतगणना दिनांक तक थोड़ी राहत की सांस लेनी की उम्मीद थी, लेकिन जिम्मेदार जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के समर कैंप के फरमान ने इस पर भी पानी फेर दिया है। स्थिति यह है कि अभी 3 और 4 मई को समर कैंप के लिए चयनित स्कूलों के प्रधान पाठक और सहयोगी शिक्षकों की कार्यशाला आयोजित की गई है।

### स्थगित करने की मांग

भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य शासन ने सप्ताह भर पहले ही बच्चों का ग्रीष्मकालीन अवकाश स्वीकृत कर दिया है। यहां 10 मई से समर कैंप लगाने का आदेश है, लेकिन अधिकांश अभिभावक सहमत नहीं है। शिक्षकों से भी इस बारे में जानकारी मिल रही है। भीषण गर्मी को देखते हुए 10 मई से लगने वाले समर कैंप को स्थगति करने की मांग कर रहे है। शीघ्र ही फेडरेशन के प्रतिनिध उच्चाधिकारियों से मिलकर अपनी बात रखेंगे।

-विश्वनाथ सिंह परिहार,
संयोजक
अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन जांजगीर

### करेंगे चर्चा

भीषण गर्मी की वजह से बच्चों को 22 अप्रैल से गर्मी की छुट्टी दी गई है। 10 मई से कलेक्टर के आदेश पर समर कैंप लगाया जा रहा है। भीषण गर्मी को देखते हुए इसे स्थगित करने का निवेदन कुछ लोगों ने किया है। इस संबंध में कलेक्टर से चर्चा करेंगे।

-अश्वनी भारद्वाज,
डीईओ, जांजगीर चांपा

# ट्रेलर बाइक में भिड़ंत, मामा-भांजे की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



दुर्घटनाकारित वाहन।

मुलमुला में ट्रेलर और बाइक में आमने सामने जोरदार भिड़ंत हुई है। भीषण सड़क हादसे में एक बाइक सवार मामा भांजे की मौके पर ही मौत हुई है। वही ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार है। घटना मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम सोनसारी बस स्टैंड पास की है।

मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर जिले के ग्राम कोहरौद निवासी गुरूवार 2 मई को शशिकांत सोनवानी और रिसदा निवासी देवानद बंजारे दोनो मामा भांजे है जोकि बाइक नबर सीजी 10 एजेड 5861 में सवार थे। किसी काम से अकलतरा की ओर गए हुए थे। जिसके बाद दोनो वापस अपने घर की ओर आ रहे थे। ग्राम सोनसरी के बस स्टैंड के पास पहुंचे ही थे की मुलमुला से अकलतरा की ओर जा रही तेज रफ्तार वही ट्रेलर वाहन नंबर सीजी 04 एमटी 0484 ने सामने से जोरदार ठोकर मार दी। जिससे दोनो बाइक से सड़क में दूर जा गिरे। वही ठोकर लगने से बाइक के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद दोनो मामा शशिकांत और भांजे देवानंद को गंभीर चोट आई। घटना की जानकारी मुलमुला थाना में दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल दोनो युवकों को उपचार के लिए सीएचसी पामगढ़ अस्पताल लाया गया। जहा दोनो युवकों को डाक्टर ने जांच उपरांत मृत घोषित किया है। दोनो के शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में रखा गया है। देर शाम होने के कारण शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को शव सौप दिया जाएगा। वही ट्रेलर चालक वाहन छोड़ कर मौके पर से फरार है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है वाहन को जब्त किया गया है।

# कलेक्टर ने प्रशिक्षण में अनुपस्थित मतदान अधिकारियों को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान दलों के प्रथम चरण प्रशिक्षण में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित होने पर 2 मतदान अधिकारियों को निलंबित किया है।

कलेक्टर ने मतदान दलों के प्रथम चरण प्रशिक्षण में मतदान अधिकारी के रूप में प्रशिक्षण में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित होने पर रामभरोस साहू, कुशल सहायक, जल संसाधन विभाग, कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, जांजगीर शाखा नहर उपसंभाग क्रमांक 01, जांजगीर एवं श्री कृष्ण कुमार कुर्रे, सहायक शिक्षक (एल.बी.) शासकीय प्राथमिक शाला भांठापारा, पोंड़ीशंकर, विकासखण्ड बम्हनीडीह को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 के विपरीत मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में रामभरोस साहू, कुशल सहायक का मुख्यालय कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन सर्वेक्षण एवं बैराज निर्माण संभाग क्रमांक-02 मुख्यालय चाम्पा एवं कृष्ण कुमार कुर्रे, सहायक शिक्षक (एल.बी.) का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बम्हनीडीह निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

# मुख्यमंत्री साय ने मालखरौदा में ली सभा, कांग्रेस पर साधा निशाना




मुख्यमंत्री साय का स्वागत करते भाजपाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मालखरौद में चुनावी सभा लेते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में छत्तीसगढ़ में अपने 5 साल के कार्यकाल में भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं किया।

गुरूवार 2 मई को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का उड़नखटोला सक्ती जिले के मालखरौदा में लैंड किया। जहां मुख्यमंत्री ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केन्द्र के मोदी सरकार की योजनाओं की जमकर तारीफ की। वहीं छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कांग्रेस झूठ और भ्रम फैलाने का काम कर रही है। वे आरक्षण और संविधान में बदलाव करने का भ्रामक प्रचार कर रही है, लेकिन प्रधानमंत्री खुद कह चुके है कि ना तो आरक्षण खत्म होगा और ही संविधान में कोई बदलाव हो सकता है। कांग्रेस खुद 70 सालों तक सत्ता में रही है और उन्होंने इसमें अनेक बार संशोधन किया है। संविधान से खिलवाड़ करने का काम कांग्रेसियों का है। इमरजेंसी कांग्रेस के शासनकाल में लगा था जो कि संविधान के साथ पूरी तरह से खिलवाड़ था। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार के सिवाय कुछ नहीं किया। उन्होंने कई प्रकार के घोटाले किए। गोबर खरीदी से लेकर डीएमएफ तक घोटाले और भ्रष्टाचार किए है। इसी कारण इनके अफसर आज भी जेल में है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इसीलिए कांग्रेस अपना विश्वास खोते जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल के कार्यकाल में दुनिया में देश का मान सम्मान बढ़ा है। इसलिए मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। सभा को अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। इस मौके पर सांसद गुहाराम अजगल्ले, पूर्व विधायक खिलावन साहू, निर्मल सिन्हा, चंद्रपुर की पूर्व प्रत्याशी संयोगिता सिंह जूदेव, कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, गीताजंलि पटेल आदि मंचस्थ रहे।

# बिना अलर्ट किए खोले गए बैराज के चार गेट, पानी के बहाव में नहाते समय बहने लगे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

### खास बात

- कर्मचारियों के लापरवाही के कारण हुआ हादसा



लोगों को बचाने पहुंचे लोग।

जिले के शिवारीनारायण महानदी में बने बैराज के चार गेट खोला गया। बैराज के नीचे नहा रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। जिससे महानदी के बैराज के नीचे नहा रहे 4 बच्चे बहने लगे।

जिले के शिवरीनारायण महानदी में बने बैराज के चार गेट को गुरूवार 2 मई को खोला गया। बैराज के नीचे नहा रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। जिससे महानदी के बैराज के नीचे नहा रहे 4 बच्चे बहने लगे। वहीं कई लोगों का मोबाइल भी पानी के तेज बहाव में बह गया। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण से गुजरने वाली महानदी के बीच जो कि बलौदा बाजार और जांजगीर चांपा जिले के बीच बैराज बनाया गया है। गुरुवार 2 मई की दोपहर करीबन 1.30 बजे बैराज के नीचे स्थानीय लोग और बच्चे काम पानी होने पर महानदी के बीच में जाकर नहा रहे थे। वही गाड़ी धो रहे थे। इस दौरान बैराज के 4 गेट अचानक से खोला दिया गया। जिससे लोगो के बीच अफरा तफरी मच गई पानी का बहाव तेज होने पर किसी तरह से नदी के बीच से लोगो ने अपनी जान बचाई मगर 4 बच्चे जिसमे 10 से 11 वर्ष के दो और 15 से 16 वर्ष के दो बच्चे पानी में बहने लगे, जिन्हे किसी तरह से नदी के बहाव में कूद कर युवक ने जान बचाई है। किसी प्रकार की जनहानि नही हुई है हल्की फुल्की खरोच की चोट आई है। बताया जा रहा है की गेट खोलने से पहले बैराज के पास लगे सायरन को चालू किया जाता है और 10 से 15 मिनट बाद ही गेट को खोला जाता है। ताकि बैराज के आस पास लोग है तो हट जाए, मगर बैराज में काम कर रहे कर्मचारियों ने सायरन भी नही बजाया और सीधे 4 गेट खोल दिए जिससे पानी का बहाव तेज हो गया। कर्मचारियों की लापरवाही सामने आया है। फिलहाल किसी प्रकार की जनहानि नही हुई है और न ही कोई पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराया गया है।

# सेल्फी लेकर जिला प्रशासन के सोशल मीडिया हैंडल को करें टैग

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के तहत ''स्वीप सेल्फी कॉन्टेस्ट'' प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है जिसमें लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले के मतदाता मतदान दिवस के दिन मतदान करने के पश्चात उंगली पर लगी स्याही दिखाते हुए अपने या अपने परिवार या दोस्त के साथ सेल्फी लेकर जिला प्रशासन के सोशल मीडिया हैंडल फेसबुक और इंस्टाग्राम को टैग करने पर चयनित पांच श्रेष्ठ सेल्फी पिक्चर लेने वालों को सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार पांच कैटेगरी ''हम साथ-साथ हैं यारों के यार, बाहुबली वोटर, वोटर दंपति (पति-पत्नी की साथ वाली सेल्फी), कल, आज और कल (दादा, बेटा और पोता की साथ वाली सेल्फी)'' में दिया जाएगा। पोस्ट में डिस्क्रिप्शन अथवा कैप्शन में अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर के साथ पोस्ट करें। लिया गया सेल्फी किसी विशेष पार्टीगत से संबंधित नहीं होनी चाहिए। प्रतियोगिता की अंतिम तिथि 8 मई प्रातः 8 बजे तक निर्धारित है तथा दोपहर 12 बजे तक विजेता घोषित किया जाएगा।

## आवारा मवेशियों से फसल को बचाने की बनी हुई है चुनौती

# गर्मी में लहलहाती धान की फसलों पर आने लगी बालियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



ग्रीष्मकालीन धान की लहलहाती फसल।

कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिला और नवगठित जिला सक्ती में लगी ग्रीष्मकालीन धान की फसलों में अब बालियां आने लगी है। उम्मीद है कि आने वाले 15-20 दिनों में किसानों की फसल पककर तैयार हो जाएगी।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिले के नवागढ़, पामगढ़ और बलौदा के अलावा बम्हनीडीह ब्लाक के दर्जनों गांव में ग्रीष्मकालीन धान की खेती हुई है। हसदेव बांगो नहर शाखा की दायी और बायी दोनों तटों में पानी मिलने पर जिले के नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम खोखरा, मेंहदा, धाराशिव, पेण्ड्री, सुकली, धुरकोट, हरदी, अमोदा, भैसमुड़ी, नवागढ़, किरीत, खैरताल, तुलसी, खपरीडीह क्षेत्र में धान की फसल लगाई गई है। इसी तरह पामगढ़, बलौदा, अकलतरा क्षेत्र के गांवों के अलावा बम्हनीडीह ब्लाक में ग्रीष्मकालीन धान की खेती हुई है। जहां फसलों में बालियां आने लगी है। इन क्षेत्रों में लगी फसल को पककर तैयार होने में 15-20 दिन लगेंगे। उम्मीद है कि अप्रैल माह की समाप्ति के साथ ही और मई की शुरूआत होते ही यहां धान कटाई और मिजाई का काम शुरू हो जाएगा। ग्रीष्मकालीन धान लगाने वाले किसानों को फसलों को लगाने से ज्यादा उसे सहेजने में पसीना बहाना पड़ रहा है। दरअसल गर्मी में धान के अलावा गेंहू, चना समेत अन्य फसलों की खेती पूरे रकबे में नहीं हुई है। सिंचित एरिया के गांवों में किसी एक खार में ग्रीष्मकालीन धान लगाई गई है। ऐसी स्थिति में गर्मी के दिनों में लहलहाती फसलों को बचाने की बड़ी चुनौती होती है। आवारा मवेशियों से फसलों को बचाने किसानों द्वारा ना केवल सामूहिक रूप से खेतों की घेराबंदी की गई है, बल्कि गांव गांव में किसान एकजुट होकर सुबह, दोपहर, शाम और रात में पाली बांधकर फसलों की रक्षा कर रहे है। जिले के नवागढ़, अकलतरा, बलौदा, पामगढ़ और बम्हनीडीह क्षेत्र में किसान टोली बनाकर अपने निर्धारित समय तक खेतों में रहते है और आवारा मवेशियों से फसलों को बचाने मशक्कत होती है।

# रसगुल्ला और पोहा का प्रसाद खाकर सौ से अधिक बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



डभरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम डोमनपुर में राम सप्ताह का रसगुल्ला और पोहा का प्रसाद खाकर एक साथ सौ से अधिक लोग बीमार हो गए। उन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, डोमनपुर में राम सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार 1 मई की रात आरती के बाद करीब 9 बजे लोगों को प्रसाद के रूप में रसगुल्ला और पोहा का वितरण किया गया। इसे खाने के बाद रात 11 से 12 बजे के बीच लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई और अचानक डोमनपुर एवं गोविंदपुर के ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ गई, तब उन्हें अलग-अलग अस्पताल में भर्ती कराया गया। किसी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंद्रपुर में तो किसी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सपोस एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा में भर्ती कराया गया, जहां सभी का इलाज चल रहा है। डभरा बीएमओ डा. माधुरी चंद्रा ने बताया कि ग्राम डोमनपुर में राम सप्ताह में आए लोगों को रसगुल्ला, पोहा एवं अन्य मिष्ठान का वितरण किया गया था। इसी से फूड पॉइजनिंग होने के कारण लोगों को उल्टी-दस्त हो रही है। सभी मरीजों का उपचार चल रहा है।

## खबर संक्षेप



### परीक्षा परिणाम हुआ घोषित बच्चों को किया गया पुरस्कृत

**कोरबा।** माध्यमिक शाला आमापाली संकुल तिलकेजा विकासखंड कोरबा में 30 अप्रैल को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसकी घोषणा राज्यपाल पुरूस्कृत शिक्षक मुकुन्द उपाध्याय द्वारा की गई। संस्था की प्रधानपठिका श्रीमती शेख के हाथों से प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को अंकसूची देते हुए बधाई दी गई। शिक्षक मुकुन्द उपाध्याय ने कहा कि बच्चें 1 मई से लेकर 18 जून तक विद्यालय के सभी बच्चे गर्मी छुट्टी पर घर में ही रहकर पुरानी कॉपी के बचे पन्नों को एकत्र कर रफ कॉपी बनाएं व प्रतिदिन 2 से 20 तक पहाड़ा लेखन करेंगे। दो पेज नकल लिखेंगे व नियमित पुस्तक पाठन अभ्यास करेंगे और 19 जून को आप सभी बच्चे हमसे कॉपी चेक कराएंगे और जो बच्चें 1 मई से लेकर 18 जून तक नियमित गृह कार्य अभ्यास किये रहेंगे उन तीन सबसे सुंदर लिखावट,वाले बच्चो को मेरे द्वारा एक एक कम्पास,पेन पुरुस्कार दिया जायेगा।

### सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों ने डाला डाक मत, 6 मई तक डाल सकेंगे वोट

**कोरबा।** 7 मई को होने वाले तीसरे चरण के मतदान के दिन जिन सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, उनके लिए मतदान की प्रक्रिया बुधवार से शुरु कर दी गई है। 6 मई तक उनके द्वारा वोट डाला जाएगा। इसी कड़ी में बुधवार को कलेक्टोरेट परिसर में उनके लिए वोटिंग की प्रक्रिया शुरु की गई, जिसमें पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने वोड डालकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। हाथों में लगी स्याही दिखाकर उन्होंने बताया कि स्वस्थ्य लोकतंत्र के निर्माण में उन्होंने भी अपनी सहभागिता निभाई है। गौरतलब है कि पिछले विधानसभा चुनाव में बहुत सारे कर्मचारी वोट नहीं डाल सके थे। इस लिए इस बार चुनाव आयोग इस ओर काफी ध्यान दे रहा है।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई बाजार में पानी की समस्या

**कोरबा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई बाजार 10 बिस्तरीय अस्पताल संचालित है। यहां 24 घंटे प्रसव तथा आपातकालीन सेवा उपलब्ध रहती है। अस्पताल में विभिन्न बीमारियों से ग्रसित मरीजों का आना-जाना लगा रहता है। साफ सफाई और स्वच्छता बनाए रखना आवश्यक होता है। पंरतु पानी की कमी के कारण यहां काफी समस्या हो रही है। अस्पताल से महज लगभग 50 मीटर दूरी पर कोयला खदान आ जाने से भूजल स्तर कम हो गया है जिसके कारण बोर सूख गए हैं। कई बार एसईसीएल प्रबंधन को अवगत कराए जाने के बाद भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पानी की समस्या दूर नहीं हो सकी है। हैवी बालस्टिंग से दीवारों में दरारें पड़ गई है। प्रतिदिन दोपहर को होने वाले हैवी ब्लास्टिंग से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के ठीक बगल में हाई स्कूल संचालित है। हैवी ब्लास्टिंग को लेकर कई बार ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर काम को बंद करा चुके हैं। गुरुवार को भिलाई बाजार के ग्रामीण गेवरा खदान में उतरकर ड्रिल मशीन व खुदाई कार्य रूकवा दिया था। ग्रामीणों के वहां से जाने के बाद पुनः हैवी ब्लास्टिंग किया गया। गेवरा प्रबंधन के रवैये से ग्रामीणों रोष व्याप्त है।

### बेहतर जनप्रतिनिधि चुनने का अवसर देता है मतदानः कलेक्टर

**कोरबा।** पाली विकासखण्ड मुख्यालय में मतदाता जागरूकता, बाइक रैली, रंगोली, मेंहदी, नुक्कड़-नाटक, सामूहिक गीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पाली के आम नागरिकों और शासकीय अधिकारियो-कर्मचारियों द्वारा पाली-केराझरिया, पोड़ी तक बाइक रैली निकालकर आम मतदाताओं को मतदान दिवस में मतदान करने की अपील की गई। बाइक रैली में विभिन्न स्लोगन और संदेशों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए अपने अधिकार का उपयोग करने कहा गया। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को निष्पक्ष मतदान हेतु शपथ दिलाई। पाली के हाईस्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीण महिलाओं, महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों आमनागरिकों को कलेक्टर श्री वसंत ने शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को कलेक्टर ने संबोधित करते हुए कहा कि वोट डालने का अधिकार हमें संविधान से मिला है। हम भले ही पांच साल में एक बार मतदान करते हैं, लेकिन एक बार का मतदान हमें अपने क्षेत्र के विकास के लिए पांच साल तक बेहतर जनप्रतिनिधि चुनने का अवसर देता है, इसलिए आप सभी अपने मताधिकार का सही इस्तेमाल कर पसंद के उम्मीदवार को चुने। कलेक्टर ने कहा कि 7 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान है। इस दिन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य परिचय पत्र लेकर संबधित मतदान केंद्र अवश्य जाएं और वोट डालकर आएं। कलेक्टर श्री वसंत ने बताया कि वे भी हमेशा मतदान करते हैं, इस बार भी अपना कीमती वोट डालेंगे। आप सभी मतदाता है, आप अपना मत जरूर दें और अपने आसपास के मतदाताओं को भी वोट का महत्व बताते हुए उन्हें प्रेरित करें।

## बैरंग लौट रहे राशन कार्डधारी हितग्राही

# अव्यवस्थाः पीडीएस दुकानों में चने शक्कर का गहराता जा रहा संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पीडीएस दुकानों में चना और शक्कर की सप्लाई कम होने से हितग्राहियों को कम मात्रा में खाद्यान्न सामाग्री मिल रही है और कई हितग्राही बैरंग लौट रहे हैं। चुनावी दौर होने के कारण हितग्राहियों के इस खाद्यान्न कटौती की ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है और हितग्राही इसकी शिकायत भी करने लगे हैं।

**खास बात**

- आपूर्ति कम होने से हितग्राहियों को नहीं हो रहा समय पर वितरण



पीडीएस दुकान में राशन लेते हितग्राही।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत बीपीएल, अंत्योदय, निराश्रित कार्डधारियों को पीडीएस दुकानों से दी जाने वाली खाद्य सामाग्री में कटौती सामने आ रही है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक चलने वाली पीडीएस दुकानों में इस समय यही स्थिति हितग्राहियों के सामने उत्पन्न हो रही है। उनकी मानें तो चना और शक्कर जैसी आवश्यक खाद्य सामाग्री में कटौती हो रही है। वहीं दुकान संचालकों की मानें तो सप्लाई मांग के अनुरूप नहीं होने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है। इधर खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उनके पास जितने की डिमांड आती है उतना ग्राम पंचायतों व नगरीय निकाय के दुकानों को आबंटित कर दिया जाता है। जिले में लगभग 400 पीडीएस दुकानें संचालित हैं, जिनमें 60 दुकानें शहर में संचालित हैं। ग्रामीण अंचलों में सप्लाई को लेकर लेटलतीफी की बात समझ में आती है, किंतु शहरी क्षेत्र की पीडीएस दुकानों में खाद्य सामाग्री की सप्लाई नियमित नहीं होने की बात गले नहीं उतरती।

**नान को है सप्लाई का ठेका**

नागरिक आपूर्ति निगम को खाद्य सामाग्री पीडीएस दुकानों में भंडारण करने की जिम्मेदारी में है। जिसके द्वारा ठेके के माध्यम से सभी शहरी और ग्रामीण अंचलों की पीडीएस दुकानों में खाद्य सामाग्रियों का भंडारण किया जाता है। जिस तरह से हितग्राहियों के सामने खाद सामाग्री में कटौती की जानकारी मिल रही है उससे सप्लाई कंपनी पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। कई दूरस्थ ग्रामीण अंचल ऐसे हैं जहां पिछले महीने के आधी खाद्य सामाग्री ही पहुंची है। जिसकी शिकायतें लगातार बड़े पैमाने पर हितग्राहियों द्वारा जिला प्रशासन को किए जाने के बावजूद खाद्य सामाग्री की सप्लाई एवं हितग्राहियों को वितरण किए जाने वाले कार्यों की लंबे समय से समीक्षा भी नहीं हुई है।

## नव विवाहिता की फांसी के फंदे में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक नव विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां तहसीलदार की उपस्थिति में पुलिस द्वारा मामले में वैधानिक कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम तरदा की है। यहां निवासरत कामेशकांत जायसवाल की 2 वर्ष पूर्व मुंगेली जिला के जरहागांव क्षेत्र में निवास करने वाली युवती कविता जायसवाल 25 वर्ष से हुई थी। कविता जायसवाल बीती रात को भोजन उपरांत अपने कमरे में सोने चली गई थी इस बीच न जाने ऐसा क्या हुआ कि कविता ने अपने ससुराल में साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह लगभग 5 बजे जब कविता की सास नींद से जागी तो उसे फांसी के फंदे में देख उसके होश उड़ गए और उसने तत्काल इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। जिसके बाद मौके पर पुलिस की टीम व तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी पहुंचे और फंदे से शव को नीचे उतारा गया और मामले में वैधानिक कार्रवाई कर मामले की जांच की गई। हालांकि घटनास्थल पर पुलिस को कोई भी सुसाइड नोट या किसी अन्य गतिविधि की जानकारी नहीं मिली है। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। कविता ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### जहरीले जीव के काटने से 13 वर्षीय मासूम की मौत

**कोरबा।** एक 13 वर्षीय मासूम को किसी जहरीले जीव ने काट लिया जब परिजनों को इसकी भनक लगी तो परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढेलवाडीह दादरकला निवासी भरत लाल के 13 वर्षीय पुत्र अभिषेक को मंगलवार की रात किसी जहरीले जीव ने काट लिया था जब अभिषेक ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। जिसके बाद परिजन उसे आनन-फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन अस्पताल पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।

## कटघोरा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी सरोज का रोड शो



रोड शो के दौरान भाजपा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय व भाजपा कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा सांसद प्रत्याशी डॉ.सरोज पांडेय मंगलवार को अपने चुनावी जनसंपर्क के दौरान कटघोरा विधानसभा पहुंची, जहां उन्होंने विधानसभा के दो अलग अलग जगह गेवरा व छूरी बाजार में रोड शो करते हुए स्थानीय व्यापारियों व निवासियों से वोट मांगा। प्रत्याशी के पहुंचने पर स्थानीय कार्यकर्ताओ ने गाजे-बाजे के साथ भाजपा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय का स्वागत किया। सरोज पांडेय ने रोड शो की शुरुआत मंदिर मे पूजा-आराधना से की। रोड शो के दौरान प्रत्याशी अपने उद्बोधन में जनता के समक्ष केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में कई कामो की सरकार बनने के बाद गारंटी दी थी वह सब पूरी होती दिखी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 में विकसित भारत संकल्प की गारंटी दी है जो पूरे होने की गारंटी है। साथ ही उन्होंने जन जन को डबल इंजन सरकार के अनेकों विकास कार्य गिनाए और पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस के शासन को कुशासन बताया। रोड शो के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा एवं महिला कार्यकर्ता शामिल हुए। साथ ही सभी ने बाइक रैली निकालते हुए शहर के लोगों का अभिवादन किया। रैली में कार्यकर्ताओं के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय जनता पैदल चलती नजर आई। उत्साहित कार्यकर्ताओ ने सांसद प्रत्याशी सरोज पांडेय को कोरबा के विकास एवं नरेंद्र मोदी को अबकी बार 400 पार के नारा के साथ प्रधानमंत्री बनाने के लिए प्रत्याशी सरोज पांडेय को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए जगह जगह पर जन जन से अपील की।

## सप्ताह में तीन दिन ही जेल में पहुंचते हैं डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

औद्योगिक नगरी होने की वजह से देश के विभिन्न राज्यों के लोग यहां आना-जाना करते हैं। यही वजह है कि यहां जेल में कैदियों की क्षमता से अधिक रहती है। जिला जेल में स्थाई चिकित्सक की लगभग एक साल पहले सेवानिवृत हुए थे। इसके बाद से अब तक जिला जेल में स्थाई डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हो पाई है, जिसकी वजह से जेल प्रबंधन को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालांकि जेल में बंद कैदियों को परेशानी न हो इसके लिए सप्ताह के सात दिनों में तीन दिन डॉक्टर जेल पहुंचकर कैदियों का उपचार कर रहे हैं, लेकिन स्थाई डॉक्टर की पोस्टिंग मिलने से जेल प्रबंधन को बार बार कैदियों को अस्पताल ले जाने की जहमत नहीं करनी पड़ती है और खतरा भी नहीं रहता है।

**खास बात**

- लंबे समय से स्थाई डॉक्टर की नहीं हुई है पोस्टिंग



उल्लेखनीय है कि जिला जेल की क्षमता 230 है। जहां हमेशा क्षमता से अधिक बंदी जेल में बंद रहते हैं। जहां जेल में बंद कैदी की स्वास्थ्य जांच के लिए जेल में चिकित्सक की पोस्टिंग की जाती है। पूर्व में डॉ.एमपी राठौर की जिला जेल में पदस्थापना हुई थी। लंबे समय तक जिन्होंने अपनी सेवा जेल में दी थी। बताया जाता है कि 31 जुलाई को डॉ.एमपी राठौर सेवानिवृत हो गए हैं, जिसके बाद से जिला जेल में स्थाई चिकित्सा की पोस्टिंग नहीं हो पाई है। हालांकि स्वास्थ्य अमले ने यहां सप्ताह के तीन दिन चिकित्सक की तैनाती अलग-अलग दिन की है ताकि वहां जेल में बंद कैदियों को परेशानी ना हो, लेकिन अक्सर जेल में किसी न किसी वजह से कैदियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाना पड़ता है। ऐसे में जेल प्रबंधन को अलग से सुरक्षा बल की डिमांड करनी पड़ती है और खतरा भी बना रहता है। जेल प्रबंधन लंबे समय से स्थाई डॉक्टर की पोस्टिंग के लिए लगातार पत्राचार कररहे हैं, लेकिन अब तक डॉक्टर की पोस्टिंग नहीं होने से जेल प्रबंधन को खासी परेशानी हो रही है। जेलर विजयानंद सिंह ने स्थानीय अफसरों के साथ साथ मंत्रालय में भी स्थाई डॉक्टर की पोस्टिंग के लिए पत्राचार किया गया है। अब देखना है कि जेल में कब तक स्थाई डॉक्टर की पोस्टिंग हो पाती है।

**अलग-अलग दिन पहुंचते हैं तीन डॉक्टर**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जिला जेल में कैदियों की इलाज के लिए अस्थाई तौर पर हमर क्लीनिक में पदस्थ चिकित्सकों की अस्थाई तौर पर पोस्टिंग की गई है, जिसमें तीन चिकित्सक अलग अलग दिन पहुंचकर जेल में बंद बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हैं। बताया जाता है कि डॉ.रजत राठौर इमलीडुग्गू स्थित यूएचडब्ल्यूसी में पदस्थ हैं जो प्रत्येक मंगलवार को जिला जेल पहुंचते हैं जबकि डॉ.हरीश गभेल बेलगरी बस्ती स्थित यूएचडब्ल्यूसी में पदस्थ हैं जो प्रत्येक गुरुवार तथा डॉ.प्रशस्य मित्र गुप्ता यूएचडब्ल्यूसी सीतामणी में पदस्थ हैं जो प्रत्येक शनिवार को जिला जेल पहुंचकर बंदियों का इलाज करते हैं।

**किया गया है पत्राचार**

जेल में स्थाई डॉक्टर की पोस्टिंग के लिए स्थानीय अफसरों के साथ मंत्रालय में भी पत्राचार किया गया है। फिलहाल अभी तीन दिन अलग अलग चिकित्सक जेल पहुंचते हैं और बंदियों का ईलाज करते हैं। इमरजेंसी में बंदियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाना पड़ता है।

-विजयानंद सिंह, जेलर, जिला जेल कोरबा

### छत पर सो रहा था युवक, गिरने से मौत

**कोरबा।** एक 30 वर्षीय युवक गर्मी से बचने के लिए अपने घर के रेलिंगविहीन छत पर सोया हुआ था। जहां नींद में सोने के दौरान उसने करवट लेने की कोशिश की और सीधे छत से नीचे आ गिरा। आनन फानन में परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। गणेश कंवर 30 वर्ष पिता हरिहर सिंह मंगलवार की रात भोजन के उपरांत अपने घर के रेलिंगविहीन छत पर सोया हुआ था। जहां देर रात को करवट लेने के दौरान गणेश कंवर सीधे छत से नीचे जमीन पर आ गिरा। उसके नीचे जमीन पर गिरते ही उसकी तेज आवाज सुनकर परिजन जाग उठे और आनन-फानन में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान गणेश कंवर की मौत हो गई।

## मासूम की मौत के मामले में मां को सात साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग तीन वर्ष पूर्व तीन वर्षीय मासूम दूध पीने के लिए अपने माँ से जिद्द कर रहा था। इसी दौरान आवेश में आकर माँ ने अपने मासूम बच्चे को फर्श पर पटक दिया था, जिससे मासूम की मौत हो गई थी। इस मामले में माँ के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर महिला को धारा 304 भाग 2 के तहत सात साल सश्रम कारावास व 500 रूपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। मामला बालको थाना क्षेत्र के सेक्टर 5 की है। यहां निवासरत पी परमिला राव 32 वर्ष पति पी रामचंद्र ने 22 सितंबर 2021 को अपने तीन वर्षीय मासूम पुत्र सांई उर्फ सात्विक जब दूध पीने का जिद्द कर रहा था तो परमिला राव ने अपने पुत्र को फर्श पर पटक दिया था, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और उसे परिजन उपचार के लिए बालको अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया था। जहां पुलिस ने मां परमिला राव के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में पेश किया था, जहां मामले की सुनवाई हुई और परमिला राव के खिलाफ धारा 304 भाग 2 के तहत दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे 7 वर्ष सश्रम कारावास व 500 रूपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। मामले में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक कौशल प्रसाद श्रीवास ने पैरवी की।

## वनांचल क्षेत्र में 70 वर्षीय वृद्ध महिला की हत्या, तहकीकात में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुदूर वनांचल क्षेत्र में एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला की अज्ञात व्यक्ति ने पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया है। हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंची थी और मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। फिलहाल हत्या की वारदात को किसने और क्यों अंजाम दिया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। एक संदिग्ध का नाम सामने जरूर आया है। जिसकी पुलिस सरगर्मी से खोजबीन में जुटी हुई है। जिसके पकड़े जाने के बाद ही मामले से पर्दा उठ सकेगा कि उसने आखिर वृद्ध महिला की हत्या क्यों और किसलिए की है।

मामला जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र श्यांग थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम छिरहुट में निवास करने वाली 70 वर्षीय वृद्ध महिला इतवारी बाई पति स्वर्गीय मंगल साय को मंगलवार की रात लगभग 8 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पीट-पीटकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। बताया जाता है कि गंभीर स्थिति में पूरी रात महिला घर में ही पड़ी रही। जब अगले दिन बुधवार की सुबह उसके परिजनों को इसकी भनक लगी तो उसे आनन फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान इतवारी बाई की मौत हो गई है। इतवारी बाई की हत्या किसने और क्यों की है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी और मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि जांच के दौरान पुलिस को धोबीराम नामक युवक पर पुलिस को संदेह है कि उसने इतवारी बाई नामक महिला की हत्या की है। फिलहाल पुलिस उसकी खोजबीन में जुटी हुई है। जिसे हिरासत में लिए जाने के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा कि आखिर इतवारी की हत्या किसने और क्यों की है।

**खास बातें**

- श्यांग थाना क्षेत्र के ग्राम छिरहुट में कल देर रात हुई थी घटना
- उपचार के दौरान जिला अस्पताल में हुई मौत, आरोपी की खोजबीन में जुटी पुलिस

## डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की अधिकारिक यात्रा संपन्न

# लॉयंस क्लब कटघोरा छुरी सेवा कार्यों में अग्रणीः शैलेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब से सम्बंधित संस्था लायंस क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ ला शैलेष अग्रवाल रायगढ़ की आधिकारिक यात्रा सोमवार को मुरली होटल कटघोरा में संपन्न किया गया।

क्लब के अध्यक्ष ला अजय धनोंदिया के द्वारा क्लब के द्वारा किए गए गतिविधियों के बारे में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर को क्रमवार जानकारी उपलब्ध कराई गई। साथ ही किए गए सभी सेवा गतिविधियों का एक एलबम बनाया गया था जिसे भी अतिथि को दिखाया गया ततपश्चात क्लब के द्वारा जो स्थाई प्रोजेक्ट पर कार्य किया जा रहा है उस पर भी रौशनी डालते हुए बताया कि क्लब के द्वारा डॉयलिसिस सेवा सेंटर, पानी टँकी, बस स्टैंड यात्री प्रतिकछालय में वाटर कूलर, शव फ्रीजर व अटल व्यवसाईक परिसर छुरी में वाटर कूलर का संचालन किया जा रहा है। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने क्लब के द्वारा किये गए सभी गतिविधियों का एलबम व स्क्रेप बुक का बारीकी से निरीक्षण करते हुए क्लब की प्रशंशा की । डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ ला शैलेश अग्रवाल ने बताया कि क्लब के द्वारा एक से बढ़कर एक सेवा के कार्य जिस प्रकार से किये गए है निश्चित ही प्रशंशनीय है। उन्होंने कहा कि क्लब के द्वारा किये गए सेवा कार्यों की समय से रिपोर्टिंग भी की जा रही है रिपोर्टिंग महत्वपूर्ण होती है, रिपोर्टिंग के आधार पर ही पूरे डिसट्रिक्ट को ज्ञात होता है कि क्लब के द्वारा किस प्रकार से व क्या क्या सेवा के कार्य किये जा रहे है। इस अवसर पर जोन चेयरमैन घनश्याम शर्मा, क्लब अध्यक्ष अजय धनोंदिया, क्वेस्ट चेयरपर्सन अजय गर्ग, सचिव आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष राकेश पांडेय, अजय श्रीवास्तव, मुकेश गोयल, दीपक गर्ग, मनोज अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, नरेंद्र मित्तल, जितेंद अग्रवाल, अंकित सिंघल, मुकेश मोटवानी, भारत भूषण, भरत अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, विक्की राजपूत, अंशुल अग्रवाल, तनुज अग्रवाल, राजुदास दीवान, गणेश अग्रवाल उपस्थित रहे।

रवि दत्ता, जय गर्ग, लव अग्रवाल, दीपक बंसल, विकेश अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, हीरालाल यादव, रूपेश सोनी, राकेश शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित लायंस क्लब के पदाधिकारी।

जाँजगीर मार्केट

गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु का गिरना,जलन छोटापन,टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया,चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
निःसंतान दंपत्ति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465



# तीस हजारी कोर्ट में होगी 'जॉली एलएलबी 3' की शूटिंग

**मुंबई।** 'जॉली एलएलबी' फ्रेंचाइजी की बहुप्रतीक्षित तीसरी किस्त की शूटिंग राजस्थान में शुरू हो गई है। इसी बीच नई मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अभिनेता अक्षय कुमार और अरशद वारसी अगले महीने से शेड्यूल का दूसरा चरण दिल्ली में शुरू करेंगे। 'राष्ट्रीय राजधानी में शूटिंग जून से जुलाई तक 30-40 दिनों तक चलेगी और यह शहर के विभिन्न हिस्सों को कवर करेगी। आउटडोर और इनडोर दोनों शूटिंग ज्यादातर तीस हजारी कोर्ट क्षेत्र के पास निर्धारित हैं। कलाकार मुख्य रूप से कोर्टरूम ड्रामा दृश्यों की शूटिंग के लिए दिल्ली आ रहे हैं। 'जॉली एलएलबी 3' को विभिन्न राज्यों में शूट किया जाना है।

लाइफ Style



# इलियाना

## 'बर्फी' में काम करना पड़ा महंगा

हाल ही फिल्म 'दो और दो प्यार' में नजर आईं इलियाना डिक्रूज ने अपने करियर में कई यादगार फिल्में कीं, जिनमें अक्षय कुमार की 'रुस्तम' और रणबीर कपूर की 'बर्फी' शामिल हैं। इन दोनों ही फिल्मों में इलियाना की परफॉर्मेंस पसंद की गई थी।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बॉलीवुड में काम करने के चक्कर में इलियाना डिक्रूज को साउथ की फिल्मों में काम मिलना मुश्किल हो गया। इलियाना ने हाल ही एक इंटरव्यू में इस बारे में बात की। इलियाना का इस बात को लेकर दर्द छलका कि न तो बॉलीवुड में उनका काम नोटिस किया गया और ना ही साउथ में खास मौके ही मिले। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने 'बर्फी' में काम किया, तो लोगों ने मान लिया कि अब वह साउथ की फिल्मों में काम नहीं करना चाहतीं। इस धारणा की वजह से उन्हें साउथ सिनेमा से फिल्मों के ऑफर मिलना बंद हो गए। इलियाना ने कहा, मैंने साउथ से बॉलीवुड में कोई शिफ्ट नहीं किया था। मैं बस एक हिंदी फिल्म कर रही थी क्योंकि मुझे 'बर्फी' की कहानी पसंद आई थी। यह एक अलग तरह की फिल्म थी। मैंने सोचा कि मुझे ऐसी फिल्म करने का दोबारा मौका नहीं मिलेगा। अगर मैंने इसे ठुकराया तो यह मेरी बेवकूफी होगी। मैं बस एक हिंदी फिल्म कर रही थी। ऐसा कुछ नहीं था कि मैं अपना बेस बॉलीवुड में शिफ्ट कर रही हूं, और फिर कभी साउथ की फिल्में नहीं करूंगी। लेकिन मुझे लगता है कि जब मैंने 'बर्फी' साइन की, तो लोगों ने यह अजीब धारणा बना ली कि ये तो अब बॉलीवुड जा रही है।

हॉलीवुड मसाला



# 'द सोशल...' का बनेगा सीक्वल

**मुंबई।** अमेरिकी लेखक, निर्माता और निर्देशक एरोन सॉर्किन ने 'द टाउन' पॉडकास्ट की लाइव रिकॉर्डिंग के दौरान पुष्टि की कि वह वर्तमान में 'द सोशल नेटवर्क' के किसी सीक्वल पर काम कर रहे हैं। बता दें कि फेसबुक के बनने की कहानी के बारे में फिल्म की पटकथा के लिए इन्होंने ऑस्कर जीता था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब वह फेसबुक से ही जुड़े किसी परियोजना पर काम कर रहे हैं। साक्षात्कार के दौरान सॉर्किन ने सोशल मीडिया कंपनी के हाल के वर्षों के बारे में कहा, 'देखो, मैं इसके बारे में लिखूंगा।' मैं 6 जनवरी के लिए फेसबुक को दोषी मानता हूं।




# इंस्टाग्राम की सबसे बदनाम ठग पर बनी डॉक्यूमेंट्री...

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक से बढ़कर एक ठग आपको मिल जाएंगे। खुद को मशहूर बनाने के लिए और फॉलोअर्स जुटाने के लिए लोग किस हद तक गिर सकते हैं। इस बात को ऑस्ट्रेलियाई इन्फ्लुएंसर बेले गिब्सन ने साबित किया है। वही बेले गिब्सन जिन्हें कभी कॉस्मोपॉलिटन ने सबसे निडर और दिलचस्प महिला का खिताब दिया था। अब उनकी जिंदगी पर डॉक्यूमेंट्री का निर्माण किया गया है। बेले गिब्सन सोशल मीडिया के मशहूर नामों में से एक नाम है। साल 2013 की बात है, जब उन्होंने पूरी दुनिया के सामने खुद को कैंसर पीड़ित बताया था। इतना ही नहीं उन्होंने अपने फॉलोअर्स से यह भी साझा किया था कि वे एक सिंगल-मां हैं। दुनिया ने उनकी बात को सच मान लिया था। रातों-रात उनके लाखों फॉलोअर्स बढ़ गए थे।



# 'बाहुबली' का हिस्सा बनने वाली थीं

**नई दिल्ली।** पिछले साल आई मूवी खुफिया की चारु रवि मोहन आपको याद ही होंगी। इस किरदार में वामिका गब्बी ने ऐसा जबरदस्त काम किया था कि बहुत बार वो तब्बू जैसी मंझी हुई एक्ट्रेस पर भारी पड़ गई थीं। वामिका गब्बी जितने शानदार कैरेक्टर कर चुकी हैं, उतनी ही ज्यादा वो अपने बयानों के लिए भी जानी जाती हैं। एक बार वो भी नेपोटिज्म पर सवाल उठाते हुए बता चुकी हैं कि एक बड़े स्टार की बेटी के चक्कर एक मूवी से उन्हें निकाल दिया गया था। अब उनका एक और इंटरव्यू वायरल हो रहा है, जिसमें वो बता रही हैं कि वो बाहुबली का हिस्सा बनने वाली थीं, लेकिन ये हो नहीं सका। वामिका गब्बी के इंटरव्यू की एक क्लिपिंग के मुताबिक वामिका गब्बी को बाहुबली में रोल ऑफर हुआ था।



# सोनू को कहा जाता है गरीबों का मसीहा

**मुंबई।** अभिनेता सोनू सूद को 'गरीबों का मसीहा' कहा जाता है। वे जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तमाम लोग उनसे मदद की गुहार लगाते हैं। इसके अलावा उनके निजी मोबाइल नंबर और वाट्सएप के जरिए भी लोग मदद मांगते दिखते हैं। बीते दिनों सोनू सूद का वाट्सएप ब्लॉक हो गया। इससे उन लोगों को काफी परेशानी हुई, जिन्हें अभिनेता से मदद की दरकार थी। हालांकि, सोनू का नंबर ब्लॉक होने के बाद मदद लेने के लिए लोग उनके घर पहुंच गए। किसी गरीब का उपचार कराना हो या किसी को अन्य आर्थिक मदद की जरूरत हो, सोनू सूद के पास बात पहुंचने पर वे तत्काल तैयार रहते हैं। हाल ही में उनका व्हाट्सएप बंद कर दिया गया था। करीब 61 घंटों के बाद उनके अकाउंट को दोबारा शुरू कर दिया गया।

टीवी मसाला

# पुरानी यादों में खोई दिखीं मौनी

**मुंबई।** टेलीविजन की दुनिया में मौनी रॉय अपनी खूबसूरती के साथ-साथ बेहतरीन अदाकारी के लिए भी मशहूर हैं। मौनी रॉय महज 19 साल की थीं जब उन्होंने टीवी इंडस्ट्री में अपना कदम रखा था। अभिनेत्री ने एकता कपूर के लोकप्रिय शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' से टेलीविजन में डेब्यू किया था। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान मौनी पुरानी यादों में खोई दिखीं। मौनी रॉय पुराने दिनों को याद करते हुए कहती हैं, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक्टिंग में अपना करियर बनाऊंगी। उन दिनों गर्मी की छुट्टियां चल रही थी। मैं अपने कॉलेज के बाहर टहल रही थीं, तभी किसी ने मेरे कंधे को थपथपाया और मुझ से पूछा कि क्या मैं एक सीरियल के लिए ऑडिशन देना चाहूंगी'। 'मैंने यूं ही हां कर दिया और ऑडिशन देने के लिए तैयार हो गई। मैंने सोचा था छुट्टियों में यह काम करके देखती हूं, कैसा लगता है'। मौनी रॉय ने तब 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के लिए ऑडिशन दिया था और वे शो में अगली पीढ़ी के बच्चों के रूप में शामिल हो गईं। इसके बाद मौनी रॉय ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। आज वे टीवी इंडस्ट्री की बेहतरीन कलाकारों में से एक हैं।



## 'कृष्णा मोहिनी' में देबात्मा निभा रहीं खास रोल

**नई दिल्ली।** शो 'शौर्य और अनोखी की कहानी' में अनोखी भल्ला के किरदार से लोकप्रियता हासिल करने वाली एक्ट्रेस देबात्मा शाह अब कलर्स टीवी के शो 'कृष्णा मोहिनी' में कृष्णा के रोल में नजर आएंगी। उन्होंने कहा, 'शो एक मजबूत कहानी लेकर आया है जिसकी कई परतें हैं।' फहमान खान और देबात्मा शाह 'कृष्णा मोहिनी में एक साथ नजर आएंगे। इसका प्रीमियर सोमवार 29 अप्रैल को हुआ। शो के ट्रेलर ने अपनी मजबूत कहानी से दर्शकों को आकर्षित किया है। देबात्मा शाह ने अपनी भूमिका के बारे में कहा, 'शो में 'कृष्णा' मोहन की 'सारथी' है। वह एक जिम्मेदार लड़की है और बहुत मासूम भी है। वह समझदार और मेहनती है। उसका जीवन अपने भाई की देखभाल के इर्द-गिर्द घूमता है, लेकिन उसके भाई के बारे में एक बड़ा रहस्य है, जिसके बारे में वह नहीं जानती।'



# किसानों से चंदा लेकर बनी थी फिल्म 'मंथन'



**नई दिल्ली।** आजकल के दौर में एक फिल्म बनाने में मेकर्स कई सौ करोड़ का खर्चा कर दे रहे हैं। वहीं एक समय था जब एक फिल्म बनाने के लिए मेकर्स ने लोगों से चंदा लिया था। इस फिल्म को चंदा लेकर कुछ लाख रुपए में बनाई गई, लेकिन फिल्म सुपरहिट रही और खूब कमाई की। यहां बात हो रही है 1976 में रिलीज हुई फिल्म मंथन की। खबरों के अनुसार मई में आयोजित होने जा रहे 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में श्याम बेनेगल की फिल्म मंथन को दिखाया जाएगा। 'मंथन' एकमात्र इंडियन फिल्म है, जिसे इस साल फेस्टिवल के कान्स क्लासिक सेक्शन के तहत सेलेक्ट किया गया है।

## मिले दो नेशनल अवार्ड

श्वेत क्रांति यानी दुग्ध क्रांति पर आधारित इस फिल्म को बनाने के लिए 5 लाख किसानों ने चंदा दिया था। खबरों के अनुसार, 5 लाख किसानों ने 2-2 रुपए चंदे के तौर पर दिया और इस चंदे की राशि से फिल्म बनी. फिल्म जबरदस्त हिट रही और इसे एक नहीं बल्कि 2-2 नेशनल अवॉर्ड मिले हैं।इस फिल्म ने 1977 में हिंदी में बेस्ट फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और बेस्ट स्क्रिप्टिंग के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता था।

# कंतारा-2 उड़ा देगी होश जंगल में तैयार किया सेट

*नई दिल्ली। होम्बले फिल्म्स बिना किसी शक इंडियन सिनेमा में सबसे बड़ा प्रोडक्शन हाउस है। इस लीडिंग प्रोडक्शन हाउस ने अपने बैनर तले केजीएफ चैप्टर 2, कंतारा- ए लीजेंड और प्रभास-प्रशांत नील की 'सलार पार्ट 1: सीजफायर' जैसे ब्लॉकबस्टर के साथ इंडियन सिनेमा को बढ़ावा दिया है। उनका अगला सबसे बड़ा प्रोजेक्ट, 'कंतारा- चैप्टर 1' है, जिसका फैंस और दर्शकों को बड़ी उम्मीदों के साथ बेसब्री से इंतजार है। फिल्म से जुड़े हर नए अपडेट के साथ जनता में उत्साह बढ़ रहा है। हाल ही में आए नए अपडेट के मुताबिक फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है। इसमें 20 दिन का शेड्यूल है। इस शेड्यूल में टीम जरूरी हिस्सों को जंगलों में शूट करेगी और यह खूबसूरत कुंडपुरा के कोस्टल रीजन में शूट होगा जो फिल्म की कहानी से मैच करेगा। 200 गुणा 200 फीट का एक विशाल सेट बनाया गया है और कुंडापुरा के निर्माण के लिए मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद से 600 बढ़ई और स्टंट मास्टर्स को काम पर रखा गया है।*



*मुंबई। इम्तियाज अली की फिल्म 'चमकीला' दर्शकों को खूब पसंद आई है। फिल्म में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा के बेहतरीन अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया। यह अमर सिंह चमकीला पर आधारित एक बायोपिक फिल्म थी। अब इम्तियाज ने खुलासा किया कि वह एक प्रेम कहानी बनाना चहते हैं। यह प्रेम कहानी राधा-कृष्ण की प्रेम कहानी पर आधारित होगी। हालांकि राधा-कृष्णा की प्रेम कहानी पर फिल्म बनाने की बात को इम्तियाज 2018 में ही कह चुके हैं।*

# 'राधा-कृष्ण' की प्रेम कहानी पर फिल्म बनाएंगे इम्तियाज अली

एक इंटरव्यू के दौरान इम्तियाज ने कहा, 'मैं राधा-कृष्ण पर फिल्म बनाना चाहता हूं। मैं उनकी कहानियों और पौराणिक कथाओं से बहुत प्रभावित हूं। लेकिन इसके लिए पहले मैं खुद को उस पद पर लाना चाहता हूं, ताकि मैं एक बेहतरीन फिल्म





बना सकूं। मुझे जरूरत है ऐसे दो किरदारों की जो राधा और कृष्णा के चरित्र को निभा सकें।' इम्तिजा ने आगे कहा, 'वह चाहते है कि यह फिल्म बनें और लोग इसके लिए दुआ करें, जो लोग इस फिल्म को देखना चाहते हैं। हो सकता है कि मैं उनकी दुआओं की वजह से ही यह फिल्म बना सकूं।' इम्तियाज की राधा-कृष्ण की प्रेम कहानी पर आधारित फिल्म में कौन अभिनय करेगा यह अभी तय नहीं हुआ है। फिलहाल, अभी स्क्रिप्ट पर ही काम चल रहा है।

***2018 में की थी फिल्म बनाने की घोषणा :*** दरअसल, इम्तियाज अली ने 2018 में जन्माष्टमी के मौके पर राधा-कृष्ण की प्रेम कहानी पर फिल्म बनाने की घोषणा इंस्टाग्राम पर की थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मैं हमेशा से ही राधा-कृष्णा की पौराणिक प्रेम कथा से प्रभावित रहा हूं। सभी भारतीयों के लिए ऐसी कोई और दूसरी कहानी नहीं होगी, जो कि उनके दिलों के करीब हो। मेरा सपना है कि मैं राधा-कृष्णा की दुनिया में पहुंच सकूं।' आगे इम्तियाज ने लिखा, ''इस प्रेम कहानी को रिलायंस एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर बनाया जाएगा।

# लौट आया है बाहुबली राजामौली ने दिखाई पहली झलक



**मुंबई।** लौट आया है वो सबको अपने खून से रंगने। दिलों को दहलाने वाला और दिलों पर राज करने वाला बाहुबली। निर्देशक एस.एस राजामौली की फिल्म बाहुबली दर्शकों के दिलों पर इस कदर बस गई है कि वह आज भी इस फिल्म के तीसरे पार्ट का इंतजार बेसब्री से कर रहे हैं। इस फिल्म का पहला पार्ट 'बाहुबली: द बिगनिंग' साल 2015 में रिलीज हुई। यह फिल्म दर्शकों को इतनी पसंद आई की कई महीनों तक सिनेमाघरों में देखी गई। इसके बाद इस फिल्म का दूसरा पार्ट 'बाहुबली 2 द कॉन्क्लूजन' साल 2017 में आई और इस फिल्म ने भी बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की। इस फिल्म ने कमाई के मामले में कई फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़े। अब निर्देशक राजामौली फिल्म बाहुबली की एनिमेटेड सीरीज लेकर आ रहे हैं।

***बाहुबली द क्राउन ऑफ ब्लड :*** *निर्देशक एस एस राजामौली ने अपने सोशल मीडिया उकाउंट पर एक पोस्ट जारी कर इस सीरीज की घोषणा दी है। इस सीरीज का नाम है 'बाहुबली द क्राउन ऑफ ब्लड'। यह एक एनिमेटेज सीरीज है। इस फिल्म की क्या कहानी होगी और इसके कलाकार कौन होंगे, अभी इस बात से पर्दा नहीं उठाया गया है। इसमें कौन से कलाकारों की आवाज और लुक को दिखाया जाएगा ये कहना मुश्किल होगा, लेकिन 'बाहुबली: क्राउन ऑफ ब्लड' की अनाउंसमेंट के बाद फैन्स काफी उत्साहित हैं और इसकी कहानी जानने के लिए भी बेताब हैं।*

## खबर संक्षेप

### भगवान परशुराम ब्राह्मण विकास समिति की बैठक नवागढ़ में कल

**नवागढ़।** भगवान परशुराम ब्राह्मण विकास समिति की बैठक एस डी महाविद्यालय नवागढ़ में 4 मई शनिवार को दोपहर रखी गई है। बैठक में जांजगीर चांपा के जिलाध्यक्ष पं विशालनाथ तिवारी विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव, नवीन सदस्यता व मतदाता जागरूकता के संबंध में चर्चा की जाएगी। बैठक में समस्त पदाधिकारी, सदस्य व विप्रजनों की उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में विशेष रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी, वरिष्ठ मार्गदर्शक सीएल पांडेय, उपाध्यक्ष तोषण प्रसाद तिवारी, संगठन मंत्री डॉ उमेश दुबे, कोषाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी, सचिव डॉ कमलेश पांडेय, मनोज पाण्डेय, धनेश मिश्रा, धन्य कुमार पाण्डेय, शैलेष दुबे, दिलीप पांडेय, दीवाकर गौरहा सहित विप्रजन उपस्थित रहेंगे। उक्ताशय की जानकारी जिला मिडिया प्रभारी जितेन्द्र तिवारी ने दी है।

### छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने की मुलाकात



**फगुरम।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ विकासखंड मालखरौदा तहसील इकाई अड़भार के पदाधिकारियों ने 1 मई को भाजपा सांसद प्रत्याशी श्रीमती कमलेश जांगड़े से उसके निवास स्थान ग्राम मसनिया में सौजन्य मुलाकात किया । इस अवसर पर समेलाल बरेठ संरक्षक, हीरामणी वर्मा तहसील अध्यक्ष, जयसिंह गवेल सचिव, उपाध्यक्ष देवसिंह यादव, कोषाध्यक्ष रम्हैयालाल यादव, श्यामलाल साहू, रुद्रपाल सिंह गवेल फूलचंद डनसेना नरेंद्र यादव, जीवन लाल भास्कर,विनय चौबे सहित अन्य पेंशनर उपस्थित रहे।

### आरसेटी को सशक्त बनाने व संस्थान के कार्यों का मूल्यांकन करने दौरा कर रहे नियंत्रक



**बहेराडीह।** ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवक, युवतियों तथा 18 वर्ष से लेकर 45 साल आयु के महिलाओं और पुरुषों को स्व रोजगार की दिशा में काम करने के उद्देश्य से जिलों में संचालित ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान अर्थात आरसेटी को सशक्त बनाने तथा संस्थान के कार्यों का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य आरसेटी के नियंत्रक अरुण कुमार सोनी ने कोरबा, रायगढ़, सरगुजा, कोरिया जिले के ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थानों में दौरा किया। प्रदेश के अन्य जिले जांजगीर चाम्पा समेत अन्य जिलों का दौरा कार्यक्रम जारी है। छत्तीसगढ़ राज्य आरसेटी के नियंत्रक अरुण कुमार सोनी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में 18 ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान अर्थात आरसेटी संचालित है। जहां कृषि क्षेत्र में कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण के अलावा 60 अलग अलग प्रकार की प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में लोगों को उद्यमिता विकास और बैंक से संबंधित जानकारी संस्थान के डायरेक्टर और फैकेल्टी द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से दिया जाता है। ठीक इसी प्रकार छत्तीसगढ़ आरसेटी द्वारा अलग अलग विषयों पर किये गए सर्टिफाइड डीएसटी अर्थात मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण चार सेशन में 8 घंटे प्रतिदिन प्रशिक्षण दिया जाता है। इस दौरान थियोरी और प्रेक्टिकल दोनों तरह की जानकारी दी जाती है। प्रशिक्षण के दौरान भ्रमण कराने के साथ ही प्रशिक्षण के अंतिम दिवस असेसमेंट किया जाता है। असेसमेंट में दो प्रकार की असेसर को शामिल किया गया है। जिसमें विषय आधारित विशेषज्ञ सर्टिफाइड डीएसटी को डोमिन असेसर और उद्यमिता विकास के विशेषज्ञ को ईडीपी असेसर के रूप में शामिल किया गया है। नियंत्रक श्री सोनी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य आरसेटी के भ्रमण के दौरान विभिन्न विषयों पर प्राप्त प्रशिक्षण उपरांत उद्यम स्थापित करने वाले उद्यमी,सर्टिफाइड डीएसटी से मुलाकात कर चर्चा और प्रशिक्षण संस्थान के क्लास रूम, कार्यालय, भोजन ब्यवस्था, शयन कक्ष की बारीकी से निरीक्षण किया जा रहा है।

### दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# मतदान केन्द्रों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण, सुविधाओं की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले में लोकसभा चुनाव के तहत 7 मई को होने वाले मतदान को लेकर अधिकारी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ले रहे है। इसी कड़ी में अधिकारियों ने गुरुवार को विभिन्न केन्द्रों का निरीक्षण कर बिजली, पानी, छाया, बैठक व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले के मतदान केन्द्रों में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा सतत रूप से निरीक्षण किया जा रहा है और इस दौरान केन्द्रों में बिजली, पानी, छाया, बैठक व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गुरूवार को अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, एसडीएम वहीदुर्राहमान शाह सहित संबंधित अधिकारियों ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने अकलतरा के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वीप गतिविधियों की प्रभावी संचालन के संबंध में अकलतरा में सचिवों की बैठक ली। उन्होंने अमोरा के मतदान केन्द्र में वेब कास्टिंग कैम का इंस्टालेशन कार्य की स्थिति की जानकारी ली एवं शेष को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। एस डी एम पामगढ वहीदुर्राहमान शाह द्वारा एक ही परिसर मे तीन से अधिक मतदान केंद्रों वाले ग्राम पंचायत गोधना, केरा, सलखन, कुरियारी का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ संबंधित अधिकारियों द्वारा मतदाता पर्ची वितरण का निरीक्षण भी किया गया। अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को दी जा रही मतदाता पर्ची का वितरण की जानकारी लेते हुए शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ भी दिला रहें है।



निरीक्षण के दौरान संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते अधिकारी।

### मतदान दलों को प्रोजेक्टर के माध्यम से व्यवस्थित तरीके से दिया गया प्रशिक्षण

मतदान दलों को तृतीय चरण का प्रशिक्षण 29 अप्रैल से 2 मई तक आयोजित किया गया। गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र 38 पामगढ़ के लिए जय भारत अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जांजगीर, केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सभी प्रशिक्षणार्थियों को ईवीएम और वीवीपैट, बैलेट यूनिट मशीन की गतिविधियों को संचालित कराया गया। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दलों को प्रोजेक्टर के माध्यम से व्यवस्थित तरीके से प्रशिक्षण दिया गया। मतदान सामग्री, ईवीएम, मतदाता सूची, मतदान केन्द्र से संबंधित आवश्यक तैयारी, मॉक पोल, सीआरसी करना, मशीन सील करना एवं क्लोज करना तथा पत्रक पर हस्ताक्षर करने सहित बारीकी से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कलेक्टर सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने मतदान दल प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।





सड़क पर बिखरा पड़ा रेत।

## बैराज मोड़ की सड़क पर फैली रेत से हर रोज हो रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

महानदी से लगातार रेत खनन और परिवहन से बैराज मोड़ खतरनाक बन गया है। यहां लगातार सुबह से ही बैराज के नीचे से सैकड़ों ट्रिप रेत निकाला जा रहा है, जिससे रेत बायपास मोड़ के सड़क पर बिखरा पड़ा हैं। सड़क पर बिखरे रेत से हादसे हो रहे है। अधिकारी सिर्फ इन रेत माफियाओं पर नाम मात्र के दिखावे की कार्यवाही करके चलते बनते है। वहीं सड़क पर बिखरे रेत से दोपहिया वाहन चलाने वाले लोग चोटिल हो रहे है। सबसे ज्यादा दिक्कत दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है। रेत फैलने के कारण दुर्घटना होने की आशंका लगातार बनी हुई है। समय रहते सड़क की सफाई नही हुई तो कोई बड़ी घटना भी घट सकती हैं। आसपास के रहने वाले लोग भी इससे परेशान हैं। सड़क पर रेत फैले होने से वाहनों के निकलने के साथ ही घरों में धूल उड़ने लगती है। पक्की सड़क बनने के बाद भी बीते कई माह से लोग काफी परेशान हो रहे हैं। वाहन चालकों का कहना है कि कई बार रेत में वाहन फिसल जाता है, ऐसे में हादसों का डर बना रहता है। यह समस्या एक दो दिन की नहीं है बल्कि यह समस्या कई महीनो से हो रही है अधिकारियों को जल्द ही इस पर ध्यान देना होगा। इस सड़क पर स्कूल वाहनों का भी यहां से आना जाना लगा रहता है, जबकि सड़क किनारे रहने वाले लोगों के बच्चे वहीं खेलते रहते हैं, कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है। स्थानीय वार्ड वासियों ने भी सड़क पर जल्द सफाई की मांग की है और कहा है कि सड़क पर फैली रेत को एकत्र कराया जाए।

■ सड़क किनारे होने वाले राहगीरों को भी हो रही परेशानी

## कवि सम्मेलन में कवियों ने मतदान के लिए किया लोगों को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत कवि सम्मेलन का आयोजन नगर के मिनीमाता मंगल भवन में किया गया।

कवि सम्मेलन का संचालन कर रहे नगर के प्रसिद्ध कवि बंशीधर मिश्रा के द्वारा लोकतंत्र के यज्ञ में आवाहन जरूरी है, राष्ट्रहित में करना मतदान जरूरी है सुनाकर उपस्थित श्रोताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। कोरबा के कवि हीरामणि वैष्णव के द्वारा धरती से अम्बर तक ये अभिमान ज़रूरी है। जाति धर्म से ऊपर हिंदुस्तान ज़रूरी है। लोकतंत्र में लोकतंत्र का मान ज़रूरी है। इन सबके खातिर फिर ये मतदान ज़रूरी है सुनाकर लोगों की वह वही लूटी गई। उपस्थित श्रोताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के क्रम में नांदघाट से आए कई कृष्ण कुमार भारती सहित नगर की कवियित्री अपर्णा, शर्मा आयुष सिंह चंदेल, जगदीश श्रीवास, मिथिलेश सोनी, छेदीलाल शर्मा, रामेश्वर पटेल, लता निर्मलकर, सनंदन जायसवाल के द्वारा अपनी रचना सुनाई गई। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन करते हुए जनपद पंचायत सीईओ हिमांशु गुप्ता के द्वारा भी संवेदना से भरी रचनाएं सुन कर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी रत्नमाला सिंह, बीआरसी शैलेंद्र सिंह बैस, रविंद्र सिंह बैस, जयंत सिंह क्षत्रिय ,अशोक राठौर, बाबूलाल पटेल ,मनमोहन साहू ,रामायण यादव, कमलेंद्र मरावी ,विकास मिश्रा ,रोहिणी कांत सोनी ,शत्रुघ्न पटेल,एस एस नर्मदा ,मनाराम कैवर्त एवं नगर व क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



काव्य पाठ करते कवि।

### अक्षय तृतीया के दिन सिवनी में होगा 101 जोड़े का सामूहिक विवाह

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय त्यौहार अक्षय तृतीया (अक्ती) के शुभ अवसर पर सूर्यांश आदर्श सामूहिक गौरव विवाह का आयोजन सूर्यांश शिक्षा उत्थान समिति द्वारा 10 मई शुक्रवार को किया जाएगा। इस विवाह में 202 परिवार के 101 जोड़े वर-वधू के विवाह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आदर्श सामूहिक गौरव विवाह के संयोजक ए.आर. सूर्यवंशी एवं सह-संयोजक संजय लसार के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय एवं आसपास के गांवों में व्यापक प्रचार-प्रसार कर माता-पिता एवं परिजनों को प्रेरित किया जा रहा है ताकि वे अधिक से अधिक संख्या में सामूहिक विवाह में सहभागिता कर दिखावे की संस्कृति एवं फिजूल खर्ची से बच सके। पूर्णतः निःशुल्क होने वाली इस सामूहिक गौरव विवाह के लिए विवाह योग्य युवक-युवतियों के माता-पिता एवं परिजन निर्धारित आवेदन पत्र पर आवेदन कर पंजीकरण करा सकते हैं।

## परशुराम जयंती पर निकलेगी शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभा यात्रा जांजगीर में 10 मई को आयोजित होगी। शोभायात्रा की तैयारी के लिए बैठक ग्राम खोखसा में आयोजित की गई। इसमें तय हुआ कि ग्राम खोखसा के सभी महिला पुरुष एवं बच्चे सांस्कृतिक वेशभूषा में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में शोभायात्रा में शामिल होंगे।

बैठक में भगवान परशुराम आयोजन समिति जांजगीर की ओर से मनोज पाण्डेय, ओमप्रकाश शर्मा, अविनाश शर्मा, चंकी तिवारी, आलोक शुक्ला, दीनानाथ उपाध्याय, महेश शर्मा, आशीष शर्मा ने ग्राम खोखसा के विप्रजनों को शोभायात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। ग्राम खोखसा से मारकंडे दुबे ,राम रतन पाण्डेय, नारायण प्रसाद पाण्डेय, लाला प्रसाद पाण्डेय, चंद्रकांत दुबे, राजेश्वर दुबे, धनेश्वर दुबे, देवी प्रसाद दुबे, राजकुमार दुबे, राजेंद्र दुबे, नंदलाल दुबे, हुलेश्वर प्रसाद दुबे, वीरेंद्र दुबे, आशीष दुबे, खीर प्रसाद दुबे, दीपक दुबे, सुरेश दुबे, अश्वनी दुबे, पवन दुबे, धनंजय दुबे, संजय दुबे, शिवम पाण्डेय, राजेश दुबे, नितिन दुबे, अशोक तिवारी ,राजेश तिवारी, निशु पाण्डेय,वीरेंद्र पाण्डेय, सुभाष पाण्डेय, शशि प्रकाश शुक्ला ,फलेश्वर दुबे,भुनेश्वर प्रसाद दुबे,बनवारी दुबे, संतोष मिश्रा, रामकुमार मिश्रा शामिल थे।



बैठक में उपस्थित विप्र समाज के लोग।

### टेम्पल सिटी में धूमधाम से मनाया जाएगा परशुराम जन्मोत्सव



**शिवरीनारायण।** भगवान शिवरीनारायण मंदिर परिसर में युवा ब्राम्हण परिवार की बैठक आयोजित हुई। प्रतीक शुक्ला ने बताया बैठक में शुक्रवार 10 मई को भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया बैठक में चर्चा कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। 10 मई की शाम भगवान शिवरीनारायण मंदिर परिसर में भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर भगवान परशुराम की विशेष पूजा अर्चना कर महाआरती की जाएगी। दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। आसमान में आकाश दीप छोड़े जाएंगे। मंदिर परिसर में आकर्षक आतिशबाजी की जाएगी। भगवान को बूंदी के लडडू, नारियल, मौसमी फल का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा जाएगा। जिसके बाद श्रद्धालुओं के लिए भोग प्रसाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। बैठक में ब्राम्हण समाज के पुरुषों के साथ महिलाएं भी शामिल हुई।

## संगीत जीवन जीने की कला है : पं. मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

गुरुघासीदास संगीत महाविद्यालय हसौद के तत्वावधान एवं शारदा संगीत विद्यालय बिर्रा के आयोजक्त में आचार्य चाणक्य सभागार बिर्रा में आयोजित त्रिदिवसीय सुगम संगीत प्रशिक्षण कार्यशाला के द्वितीय दिवस में मुख्य अतिथि के रूप पं. धनेश मिश्रा संचालक, वंदे मातरम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पं. दिलीप पाण्डेय (भागवताचार्य), चन्दन कश्यप ब्याख्याता स.शि.म.बिर्रा, तीजराम कश्यप, महावीर धीवर उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि पं. मिश्रा ने कहा संगीत जीवन जीने की कला है। संगीत ब्रह्म का स्वरूप है। विशिष्ट अतिथि पं. पाण्डेय ने कहा संगीत की साधना,नादब्रह्म की आराधना है। संगीत ओमकार का ही स्वरूप है। चंदन कश्यप ने कहा कि संगीत से असाध्य रोगों का निवारण संभव है। संगीत एक विज्ञान है और इसे गाने व सुनने से व्यक्ति के मन मष्तिष्क को शांति मिलती है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणापाणि के तैलचित्र पर पूजार्चन कर प्रारम्भ किया गया। मंत्रोच्चार पं. प्रवीण कृष्ण तिवारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन पं. प्रवीण कृष्ण तिवारी के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम के आर कश्यप के द्वारा देशभक्ति गीत सारे जहां से अच्छा एवं गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस बधाई गीत सिखाया गया। साथ ही बालगीत हमारा प्यार छोटा सा गांव सिखाया गया। स्वागत गीत अर्चना वंदना अभिनंदना के साथ जन्मदिन बधाई गीत हैप्पी बर्थडे टू यू एवं बधाई हो बधाई जन्मदिन की बधाई का सामूहिक गायन कराया गया। नववर्ष गीत आया नववर्ष आया एवं विदाई गीत का अभ्यास कराया गया। साथ ही अंत में गणेश वंदना जय गणेश जय गणेश देवा का सामूहिक पाठ कराकर राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन किया गया।



पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

### वोटर टर्न आउट एप के माध्यम से जान सकेंगे मतदान प्रतिशत

**जांजगीर-चांपा।** लोकसभा निर्वाचन के तृतीय चरण अंतर्गत जिले में 7 मई को मतदान की तिथि निर्धारित की गई है। आम नागरिक मतदान प्रतिशत की जानकारी वोटर टर्न आउट मोबाइल एप का उपयोग कर देख सकते हैं। वोटर टर्नआउट एप के माध्यम से वोटर टर्न ऑउट (मतदान प्रतिशत) की अद्यतन स्थिति जान सकते हैं।

हरिभूमि नं.1 संपर्क करें
आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि की बिर्रा, सिलादेही, किकिरदा करही, घिवरा, कैथा, सेंदरी, सेमरिया, बंसुला में हरिभूमि की प्रतियां एवं विज्ञापन और समाचार के लिए संपर्क करें
डी.एन. देवांगन
देवांगन न्यूज एजेंसी
अभिषेक आनलाइन बिर्रा मो. 9424280197

## ज्ञान भारती स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

ज्ञान भारती विद्यालय (हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम) जांजगीर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। हिन्दी मीडियम कक्षा नर्सरी में - वंशिका निर्मलकर-99.5 प्रतिशत प्रथम, काव्या कश्यप-98.5 प्रतिशत द्वितीय, मौली सिंह-96 प्रतिशत तृतीय, कक्षा-के.जी.-1 में - नवीन कुमार मित्रे-100 प्रतिशत प्रथम, राजवीर मनहर-99.5 प्रतिशत द्वितीय, जितेन्द्र साहू- 99 प्रतिशत तृतीय, कक्षा-के.जी.-2 में - रिषभ पटेल एवं युवराज जायसवाल-99.5 प्रतिशत प्रथम, प्रिंस देवांगन-99 प्रतिशत द्वितीय, रितेश कश्यप-98.5 प्रतिशत तृतीय, कक्षा-पहली में - तेजस्वी राठौर-99.2 प्रतिशत प्रथम, श्वेजल यादव-95.2 प्रतिशत द्वितीय, यामिनी प्रजापति-93.2 प्रतिशत तृतीय, कक्षा-दूसरी में - देवराज साहू-98.4 प्रतिशत प्रथम, सुयश बरेठ-96.4 प्रतिशत द्वितीय, अनन्या खरे एवं अंकिता पटेल-95.6 प्रतिशत तृतीय, कक्षा-तीसरी में - मेघा कुमारी-98.4 प्रतिशत प्रथम, हरिकृष्णा साहू-97.2 प्रतिशत द्वितीय, कार्तिकेय त्रिपाठी-96.8 प्रतिशत तृतीय, कक्षा-चौथी में - आयुषि अनंत एवं पवन सूर्यवंशी-99.2 प्रतिशत प्रथम, कु. सृष्टि-98.8 प्रतिशत द्वितीय, कु. वर्षा प्रजापति-98.4 प्रतिशत तृतीय, कक्षा-पांचवी में - मानवी डहरिया-98.4 प्रतिशत प्रथम, हेमंत चेलक- 97.2 प्रतिशत द्वितीय, कु. खुशी किरण-96.8 प्रतिशत तृतीय, कक्षा-छठवीं में - शिवानी पटेल-98.6 प्रतिशत प्रथम, हर्षिता रात्रे-98.5 प्रतिशत द्वितीय, रितू साहू-95.6 प्रतिशत तृतीय, कक्षा-सातवीं में - कु. सृष्टि सिंह-97 प्रतिशत प्रथम, कु. प्रियांशी तंवर-93.66 प्रतिशत द्वितीय, कु. प्रिया बंजारे-92.83 प्रतिशत तृतीय, कक्षा-आठवीं में - कु. खुशी राठौर-96.5 प्रतिशत प्रथम, कु. आयुषी देवांगन-92.6 प्रतिशत द्वितीय, कु. सिमरन खूंटे-91.3 प्रतिशत तृतीय, कक्षा नवमीं में - अंजली थवाईत एवं अंकिता नामदेव-93.66 प्रतिशत प्रथम, दिव्या साहू एवं ओम साहू-90.16 प्रतिशत द्वितीय, हिमांशी कुमारी कश्यप-88.16 प्रतिशत, तृतीय कक्षा-ग्यारहवीं गणित संकाय में - अंकिता राठौर-95 प्रतिशत प्रथम, आशीष राठौर-88 प्रतिशत द्वितीय, विज्ञान संकाय में - सुषमा पटेल-96 प्रतिशत प्रथम, सत्यप्रकाश पटेल-91 प्रतिशत द्वितीय, कु. निधि कश्यप एवं कु. तान्या कंवर-87 प्रतिशत तृतीय, कामर्स संकाय में - प्राची लाठियां-82 प्रतिशत प्रथम, आयुष राठौर 62 प्रतिशत द्वितीय, भूपेन्द्र साहू एवं संगीत-71 प्रतिशत तृतीय, कृषि संकाय में- श्वेता रानी कश्यप -94 प्रतिशत प्रथम, मेघा राठौर-91 प्रतिशत द्वितीय, निकिता कुर्रे-87 प्रतिशत तृतीय रही। इसी प्रकार अंग्रेजी माध्यम में क्लास-1 में - माल्या यादव एवं संदीप कश्यप-99.2 प्रतिशत प्रथम, सौरभ प्रधान-97.2 प्रतिशत द्वितीय, आरुष गोयल एवं अंकुश कुमार-96 प्रतिशत तृतीय, क्लास-2 में - शिवन्या राठौर-98.4 प्रतिशत प्रथम, कु. रिया कश्यप-94.4 प्रतिशत द्वितीय, कु. सुहानी राठौर-90 प्रतिशत तृतीय, क्लास-3 में - साक्षी राठौर-97.2 प्रतिशत प्रथम, हनी टेंगवार एवं प्रकाश कौशिक-96.8 प्रतिशत द्वितीय, संस्कार मनहर-96.4 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय प्राप्त किया। विद्यार्थियों के इस उपलब्धि पर संचालक आर. सी. पाण्डेय, प्रबंधक देवेन्द्र राठौर, गीतेश राठौर, आर. के. जैन, प्राचार्य श्रीमती सीमा कश्यप, गणेश राम जांगड़े, सुमन्त पटेल सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है ।

